PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Wednesday 8th January 2014, Page: 13
Width: 4.35 cms, Height: 8.90 cms, a4, Ref: pmin.2014-01-08.50.125

अफ्रीकी बाजार पर भारतीय फार्मा कंपनियों की नजर

नई दिल्ली। मैन्यूफैक्चरिंग और टेलीकॉम कंपनियों के बाद अब भारतीय फार्मा कंपनियां भी विदेशी बाजार में निवेश का रुख कर रही हैं।

एसआरएल डायग्नोस्टिक्स, डॉ. लाल पैथ, सीआईएमएस और एमएचसी जैसी कुछ नामी फार्मा कंपनियां अब अफ्रीकी बाजार में अपना पैर जमाने की कोशिश कर रही हैं। बाजार हिस्सेदारी में भारत की सबसे बड़ी डायग्नोस्टिक लैब 'एसआरएल डायग्नोस्टिक्स', अफ्रीका में अपनी प्रयोगशाला लगा रही है। कंपनी के सीईओ संजीव वशिष्ठ के मुताबिक पहले अफ्रीकी बाजार में कदम रखेंगे और फिर केनिया व यूगांडा पर फोकस करेंगे। (बि.डे.)